तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

जिले में 185 हाथी, एक ही रात 43 किसानों की फसल को रौंदा

4



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# हिट एन रन मामले में 3 की मौत, 25 से ज्यादा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मंगलवार को गणेश विसर्जन के उल्लास को मातम में बदलते हुए जिले के बगीचा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जुरुडांड में मंगलवार देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। चरईडांड स्टेट हाईवे पर गणपति विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के बीच अचानक एक तेज रफ्तार बोलेरो (क्रमांक सीजी 15 यूएफ 1429) घुस गई। इस दर्दनाक हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 से अधिक श्रद्धालु घायल हुए हैं। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने वाहन चालक की जमकर पिटाई कर दी, जबकि अन्य सवार लोग मौके से फरार हो गए।

■ घायलों को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बगीचा लाया गया

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय लगभग डेढ़ सौ लोग विसर्जन शोभायात्रा में शामिल थे। ढोल-नगाड़ों के बीच श्रद्धालु तालाब की ओर बढ़ रहे थे, तभी रायकेरा की ओर से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर सीधे भीड़ में ⏭ शेष पेज 4 पर



तनावपूर्ण स्थिति, हाईवे पर यातायात बाधित।

**प्रशासन ने चलाया रेस्क्यू अभियान:** हादसे की सूचना पर जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, एसडीएम प्रदीप राठिया, एसडीओपी दिलीप कोसले, तहसीलदार महेश्वर उईके सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर देर रात तक राहत व बचाव अभियान चलाया। 108 एंबुलेंस, विसर्जन वाहन और ग्रामीणों के निजी साधनों से घायलों को बगीचा अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### मृतक और घायल की सूची

इस दुखदः हादसे में जिनकी मौत हुई है उनमें अरविंद केरकेट्टा (19 वर्ष) पिता तोबियस केरकेट्टा, विपिन प्रजापति (17 वर्ष) पिता देवनारायण खिरोवती यादव (32 वर्ष) पत्नी हरीश यादव शामिल हैं। वहीं घायलों में फकीर यादव, नीलू यादव, निरंजन राम, संदीप यादव, गुलापी बाई, याहूसु लकड़ा, संतोष प्रजापति, हेमंत यादव, उमा यादव, भुवनेश्वरी यादव, लीलावती प्रजापति, परमानंद यादव, अभिमन्यु, डमरूधर यादव समेत 22 से अधिक लोग शामिल हैं।

### कलेक्टर व एसपी पहुंचे अस्पताल

देर रात जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास और एसपी शशि मोहन सिंह बगीचा अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। कलेक्टर ने कहा कि हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सीएमएचओ डॉ. जीएस जात्रा ने स्वास्थ्य अमले को अलर्ट किया, वहीं बीएमओ डॉ.सुनील लकड़ा अपनी टीम के साथ लगातार घायलों के उपचार में जुटे रहे।

### मुख्यमंत्री ने जताया गहरा शोक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर गहरा शोक जताया और जिला प्रशासन को घायलों के समुचित इलाज व सहायता के निर्देश दिए। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार परिजनों और घायलों के साथ खड़ी है।

### रायमुनी ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत देर रात बगीचा अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और गंभीर मरीजों को खुद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया। विधायक सुबह 4:30 बजे तक अस्पताल में डटी रहीं और इलाज की व्यवस्था देखती रहीं। उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद है। सरकार मृतकों और घायलों के परिवारों के साथ खड़ी है। हर संभव मदद और आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों को दी गई बाल सुरक्षा की जानकारी



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर शासकीय पूर्व प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय नीमगांव में महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड - हेल्प लाईन एवं पूर्व माध्यमिक शाला राजापारा भागलपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग आईसीपीएस के द्वारा स्कूली बच्चों बाल सुरक्षा संबंधित मुद्दों पर जानकारी दी गयी। इस अवसर पर विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ बाल-विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी, बाल स्पोंसरशीप योजना, गुड -टच, बैड-टच, पोषण देखरेख एवं 1098 हेल्पलाइन नम्बर के बारे में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही बच्चों को संरक्षित करने एवं आत्मरक्षा के बारे में पूरी तरह से जानकारी भी दी गयी। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। दुलदुला के बाजारडांड आंगनबाड़ी में पोषण माह का हुआ आयोजन आज दुलदुला के खटंगा सेक्टर के आंगनबाडी केन्द्र बाजारडांड में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई एवं पोषण युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने एवं एनीमिया से बचाव के लिए आयरन गोली का सेवन के संबंध में जानकरी दी गई।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम ढोढ़ीडांड़, निवासी स्व. मंजित कुजूर का कुआं के पानी में डूबने से 11 नवम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी वंदना कुजूर हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 8712.8 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 8924.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 03 सितम्बर तक की स्थिति में 8579.9 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 212.1 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1029.5 मिमी, मनोरा में 1081.9 मिमी, कुनकुरी में 1249.7 मिमी, दुलदुला में 565.9 मिमी, फरसाबहार में 714.9 मिमी, बगीचा में 972.3 मिमी, कांसाबेल में 834.5 मिमी, पत्थलगांव में 805.4 मिमी, सन्ना में 1031.7 मिमी एवं बागबहार में 639.1 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### तेज धमाके के साथ फट गया कूकर

**बिश्रामपुर।** मंगलवार को ग्राम कसकेला पूर्व माध्यमिक शाला में उस वक्त हड़कंप मच गया जब मध्यान्ह भोजन पकाने के दौरान कुकर फट गया। तेज धमाके के साथ कुकर किचन के छप्पर को फाड़कर बाहर निकल गया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि घटना के दौरान मौके पर कोई नहीं था।

## जुआ खेलते 14 लोगों को पकड़ा, फड़ से 54 हजार 250 रुपए जब्त

# 52 परियों का प्रेम पड़ा महंगा, गए सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिटी कोतवाली पुलिस ने मंगलवार देर रात एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए जुआ के अड्डे पर दबिश दी और 14 जुआरियों को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने छापेमारी में 54 हजार 250 रुपये नगद, 8 ताश की गड्डियां, 14 मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और एक टाटा नैक्शन कार को जब्त किया। इस कार्रवाई से इलाके में सनसनी फैल गई है।

### मुखबिर की सूचना पर ताबड़तोड़ छापा

2 सितम्बर की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीनगर टिकैतगंज में फिरोज अली नाम का व्यक्ति अपने घर पर जुआ खिलवा रहा है। सूचना पुख़्ता होने पर थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने तत्काल दबिश देने के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही पुलिस टीम ने देर रात घर की घेराबंदी कर छापा मारा। अंदर 14 लोग चटाई बिछाकर ताश के पत्तों से पैसों का दांव लगाते हुए पकड़े गए। पुलिस को देखकर जुआड़ियों में भगदड़ मच गई, लेकिन चारों ओर से घेरे पुलिसकर्मियों ने सभी को मौके पर ही काबू कर लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### यह हुआ बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 54,250 रुपये नगद, 08 ताश की गड्डियाँ (52 पत्तों वाली), 14 मोबाइल फोन,01 मोटरसाइकिल, 01 स्कूटी और 01 टाटा नैक्शन कार बरामद किए। सभी 14 आरोपियों पर जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 5 छ ग एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 112 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### जानिए क्या कहते हैं एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जुआ समाज को खोखला करने वाली बुराई है। पुलिस लगातार ऐसे अड्डों पर नकेल कस रही है। लक्ष्मीनगर टिकैतगंज की कार्रवाई में 14 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर नगद राशि, ताश की गड्डियां और वाहन जब्त किए गए हैं। जिले में जुआ और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया जाएगा।

**पुलिस टीम की रणनीतिः** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक आशीष तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक खेमराज ठाकुर, प्रधान आरक्षक राजेश पाल, महिला प्रधान आरक्षक सावित्री भगत, आरक्षक राम प्रताप यादव, सुरेंद्र माली, विशेश्वर भगत, प्रवीण तिर्की और राजकेश्वर सिंह शामिल थे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी और गोपनीयता से ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिससे आरोपियों को भागने का मौका नहीं मिला।

### इन पर हुई कार्रवाई

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई मो. फरदीन अंसारी (25), निवासी बस स्टैंड जशपुर,मो. फिरोज अली (45), निवासी बिजलीटोली, अर्जुन राम (35), निवासी डिपाटोली, चांद अकरम उर्फ चंदा शेख (35), निवासी दर्जी मोहल्ला, राजेन्द्र राम उर्फ टेप (39), निवासी डिपाटोली, पंकज गुप्ता (30), निवासी बनिया टोली, करण ताम्रकार (24), निवासी नवाटोली, सूरज चौधरी (32), निवासी टंकी टोली,आनंद राम (28), निवासी डिपाटोली,ऑफिर अंसारी (29), निवासी करबला रोड, आजाद मोहल्ला, विनय ताम्रकार (25), निवासी नवाटोली,आशीष गुप्ता (44), निवासी बाकी टोली, शिवम् राम नायक (22), निवासी रक्षित कॉलोनी, खगेश्वर प्रसाद (25), निवासी दरबारी टोली इन सभी को मौके पर ही हिरासत में लेकर थाने लाया गया।

## पर्यटन स्थलों के लिए 6 करोड़ 54 लाख रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



क्षेत्र के विकास को गति देने और पर्यटन स्थलों तक सुगम पहुंच उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सौगात के रूप में नई सड़क निर्माण की मंजूरी दी गई है। लोक निर्माण विभाग संभाग-जशपुर के अंतर्गत कुनकुरी क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही इन कार्यों की शुरुआत होगी।

■ जल्द शुरू होगा सड़क का निर्माण, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

जिले के जोकारी से मधेश्वर पहाड़ तक पहुंच मार्ग लंबाई 3 किमी के निर्माण पर 3 करोड़ 69 लाख रुपए, एनएच-43 से मयाली डेम तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.30 किमी के निर्माण पर 2 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण से न केवल स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को भी बल मिलेगा। खासकर महादेवश्वर पहाड़ और मयाली डेम जैसे पर्यटन स्थल सड़क सुविधा से बेहतर तरीके से जुड़ेंगे, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक इन स्थलों तक पहुंचना कठिन था, विशेषकर बरसात के दिनों में। सड़क निर्माण के बाद यात्रियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी तरह की असुविधा नहीं होगी।

साथ ही क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी क्योंकि पर्यटन से जुड़े रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

## सीईओ ने निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय केंद्र का किया निरीक्षण



मौके पर निरीक्षण करते जिला पंचायत सीईओ।

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को बहुउद्देशीय केंद्र सामरबार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस केंद्र में संचालित होने वाले कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में सीसी सड़क निर्माण, विद्युत व्यवस्था, रंगरोगन, पौधारोपण कराने को कहा। सीईओ जिला पंचायत ने केंद्र के अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सहायक आयुक्त संजय सिंह, डीपीओ अजय शर्मा, जनपद सीईओ एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्राम पंचायत सामरबार, गायबुडा तथा देवडांड में पीएम जनमन योजनांन्तर्गत निर्माणाधीन आवासों का भी निरीक्षण किया। जहां उन्होंने योजना के हितग्राहियों, ग्राम सचिव, आवास मित्र एवं रोज़गार सहायकों से चर्चा कर जल्द से जल्द आवास निर्माण पूर्ण कराने को निर्देशित किया। उन्होंने हितग्राहियों एवं अधिकारियों से चर्चा के दौरान आवासों का दिशा निर्देशों के अनुसार निर्माण कर खिड़की, दरवाज़ा लगवाने एवं पुताई कार्य पूर्ण कराने को कहा।

## एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन 17वें दिन भी जारी, आंदोलन और उग्र होगा



एनएचएम कर्मचारी धरना प्रदर्शन करते।

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन और भी उग्र हो गया है । कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक हमारी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं हो जाता तब तक हम अपना विरोध जारी रखेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार ने कई वादे किए थे जिनमें मोदी की गारंटी के प्रमुख रूप में प्रचारित किया गया था। इन बातों को पूरा ना किए जाने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है । संघ का दावा है कि 160 से ज्यादा पर ज्ञापन देने के बाद भी सरकार ने हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया , इसी के चलते 18 अगस्त से प्रदेश के 33 जिलों में लगभग 16000 से ज्यादा कर्मचारी अनिश्चित करें हड़ताल पर है। मनोरा विकास खंड के एनएचएम कर्मचारियों द्वारा पारंपरिक कर्मा नृत्य का मंचन कर अपने समस्याओं से आम जनता को अवगत कराया । नृत्य का उद्देश्य आम जनता आंदोलन के बारे में जान सके एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आम जनता को होने वाली परेशानी से अवगत कराना था ।

## बीईओ ने बैठक लेकर प्रधान पाठकों को दिए आवश्यक निर्देश



प्रधान पाठकों का बैठक लेते बीईओ।

**जशपुरनगर।** विकासखंड फरसाबहार में विकास खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश देवांगन द्वारा समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक के प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी को यशस्वी जशपुर के निर्देशों के बारे में पुनः जानकारी दी गई। साथ ही जुलाई माह में मासिक परीक्षा के प्राप्त अंकों, ग्रेड सी एवं डी प्राप्त विद्यालय की समीक्षा की गई जिसमे सी एवं डी ग्रेड आने का कारण जाना गया और उसके अगले ग्रेड में जाने हेतु क्या प्रयास कर रहे हैं इस हेतु सभी प्रधान पाठकों से पूछा गया। अधिकांश प्रधान पाठकों द्वारा अनियमित उपस्थित को कारण बताया जिसमें हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की तरह वॉट्स पालक शिक्षक एसएमसी प्रतिनिधि की वॉट्स अप ग्रुप बनाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सभी शिक्षक सभी अनियमित रहने वाले छात्रों को आपस में बांटकर उनके पालक से निरंतर संपर्क करने हेतु कहा गया।

**उद्देश्यः ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाना**

# आदिवासी समाज को जड़ों से जोड़ते बढ़ाना है आगेः रायमुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित तीन दिवसीय जिला प्रोसेस लैब का आज सफल समापन हुआ। यह आयोजन जिले के आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास, पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण, प्रशासनिक पारदर्शिता तथा ग्रामीण समुदायों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया था।

■ आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला प्रोसेस लैब का समापन

कार्यक्रम के समापन सत्र की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती रायमुनी भगत थी। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने की। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथियों ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान केवल एक योजना न होकर एक जनआंदोलन है, जिसका उद्देश्य आदिवासी समाज को उनकी जड़ों से जोड़ते हुए आधुनिक विकास की राह पर आगे बढ़ाना है। जिला प्रोसेस लैब जैसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी तथा परिणामकारी बनाएंगे। इस लैब के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, कृषि, महिला सशक्तिकरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विषयों पर गहन विमर्श हुआ। प्रतिभागियों ने समूह कार्यशालाओं के माध्यम से स्थानीय चुनौतियों और समाधान की रूपरेखा तैयार की। अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेजेंटेशन से ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स को योजनाओं की गहरी समझ प्राप्त हुई। अंत में अतिथिगण तथा सभी प्रतिभागियो ने आदि शपथ भी ली इस अवसर पर उपस्थित सभी मास्टर ट्रेनर्स ने आदि कर्मयोगी अभियान को जन-जन का अभियान बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त संजय सिंह तथा डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।




आदिवासी कर्मयोगी अभियान के समापन में शामिल रायमुनी।

## बरगांव विद्यालय में नए प्राचार्य का स्वागत




नए प्राचार्य की स्वागत करते स्कूल के शिक्षक।

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय। बरगांव में जेंडर राम मांझी ने प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय स्टाफ की ओर से पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया, वहीं छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए पुष्प अर्पित कर नए प्राचार्य का अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री मांझी ने अपने उद्बोधन में कहा कि –₹मैं विद्यालय की प्रगति के लिए सतत प्रयास करता रहूंगा। इस कार्य में मुझे समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का सहयोग अपेक्षित है।₹ इस अवसर पर जयमन तिर्की वरिष्ठ व्याख्याता वाणिज्य ने कहा कि ने प्राचार्य के स्वागत के साथ ही विद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है हम सब मिलकर प्राचार्य के साथ इस विद्यालय को और अधिक उन्नत बनाएंगे। कार्यभार संभालते ही उन्होंने विद्यालय स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया।


गणेश पूजा सेवा समिति सरगंवा।


भगवाधारी क्लब गणेश पूजा समिति रामानुजगंज।


सार्वजनिक गणेश पूजा समिति हाईस्कूल पारा, सूरजपुर।


गणेशत्सव पूजा समिती केतका।

## खबर संक्षेप

### गौसिया अंजुमन कमेटी जयनगर का ब्लड डोनेट कार्यक्रम कल

**बिश्रामपुर।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाईस के पंद्रह सौ वर्ष पुर्ण होने पर बारह रबीउल औवल ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर 4 सितम्बर गुरुवार को गौसिया अंजुमन कमेटी जयनगर के तत्वावधान में जरुरतमंदों के लिए ब्लड डोनेट कार्यक्रम किया जाएगा। कमेटी द्वारा जिला चिकित्सालय सूरजपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर ब्लड लेने हेतु सहयोग देने की अपील की गई है,गौसिया अंजुमन कमेटी के नौशाद आलम ने बताया कि बारह रबीउल औवल ईद मिलादुन्नबी के पंद्रह सौ वर्ष पूर्ण होने पर जरूरतमंदों के लिए ब्लड डोनेट का आयोजन मुस्लिम गौसिया अंजुमन कमेटी जयनगर द्वारा किया जाएगा,ब्लड डोनेट कार्यक्रम जयनगर मुस्लिम मोहल्ला स्थित मदीना मस्जिद में किया जाएगा,उन्होंने बताया कि लगभग 40 से 50 यूनिट ब्लड जयनगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है,ब्लड डोनेट कार्यक्रम उपरांत 5 सितम्बर को मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार उल्लासपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय कमेटी द्वारा लिया गया है।

### पर्यटन मंत्री राजेश से मिले फेडरेशन के प्रतिनिधि



**अम्बिकापुर।** अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि सोमवार को पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने मंत्री श्री अग्रवाल से कर्मचारी संगठनों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन मंत्री ने उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान फेडरेशन के संयोजक कमलेश सोनी, राजपत्रित अधिकारी संघ के डा.सीके मिश्रा एवं शिक्षक फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष संजय सिंह उपस्थित थे।

### सुनीता की प्रथम पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में फल वितरण

**अम्बिकापुर।** राम मंदिर रोड निवासी अनिल सिन्हा की धर्मपत्नी स्व.सुनीता सिन्हा के प्रथम पुण्य तिथि पर परिजन ने राघवपुरी वृद्धा आश्रम में एकत्रित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ



ही उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज सेवा से प्रेरित होकर वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई एवं उनका कुशलक्षेम जाना। परिजन ने द्वारा वृद्ध को फल एवं मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान अनिल सिन्हा, आलोक श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, अंकित सिन्हा, करिश्मा सिन्हा, शिवानी सिन्हा एवं विकास सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।

### सर्पदंश से गंभीर बालक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम करंजी निवासी सुफियाना कुरैशी आ. नकीम कुरैसी (6 वर्ष) दादा के साथ बिजुरी में किराए के घर में रहकर पढ़ाई करता था। रविवार की रात दादा के साथ खाट पर सो रहा था तभी देर रात जहरीले सांप ने उसके पैर व हाथ में काट लिया। सांप काटने की जानकारी लगने पर परिजन बालक को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### असाक्षरों को बुनियादी शिक्षा मुहैया कराने छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

**ओड़गी।** देशव्यापी साक्षरता सप्ताह रजत जयंती महोत्सव के दूसरे दिन ओड़गी विकासखंड में बुनियादी साक्षरता ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल, सतत शिक्षा को लेकर जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बिहारपुर के शासकीय महाविद्यालय, हायर सेकेण्डरी स्कूल बिहारपुर, शासकीय महाविद्यालय ओडगी तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ओडगी के छात्र छात्राओं को बताया गया कि वे असाक्षरों को कैसे बुनियादी शिक्षा मुहैया करावें।

### परिजन सहित ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाया घर खाली कराने का आरोप

# ग्रामीण की मौत पर मचा बवाल ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर परिजन सहित ग्रामीणों ने वन विभाग पर दबाव बना कर घर खाली कराने का आरोप लगाते हुए शव को सड़क पर रख चक्का जाम कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस अधिकारी के आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त किया।

**खास बात**

- पिछले पांच दिनों से लगातार गांव पहुंच रहे थे वन विभाग की टीम


चक्काजाम करते ग्रामीण।

विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम रेवतीपुर में कोरवा जनजाति के ग्रामीण की मौत रविवार की शाम घर में हो गई थी। परिजन सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा घर खाली करने के लिए हस्ताक्षर कराया गया था जिसके तनाव में आकर उसकी मृत्यु हो गई। परिजन एवं ग्रामीणों का आरोप है कि 5 दिनों से लगातार वन विभाग की टीम गांव में आ रही थी एवं घरों के जब्ती नामा पर हस्ताक्षर कराकर फोटो खींचकर घर गिराए जाने की बात कही जा रही थी। जिससे रेवतीपुर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी बिफन कोरवा आ. रामधनी कोरवा ( 50 वर्ष) तनाव में रह रहा था कई दिन से वह खाना पीना छोड़ दिया था( शाम को उसने जैसे ही पानी पीकर चलना शुरू किया गिरकर उसकी मौत हो गई। रेवतीपुर की सरपंच ऐसा खातून ने बताया कि वन विभाग द्वारा घर गिराने की बात कहने से के नाम पर बिफन को बहुत ही भयभीत कर दिया गया था जिससे उसने खाना पीना छोड़ दिया था जिससे उसकी मृत्यु हुई है। सुबह परिजन एवं ग्रामीणों द्वारा रामचंद्रपुर सनावल मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया गया था। सूचना पर एसडीओपी बाजीलाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले में उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया जिसके बाद ही चक्का जाम समाप्त हुआ। चक्का जाम समाप्त होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रामानुजगंज अस्पताल भेज दिया गया।

**मृतक को नहीं दिया गया था नोटिस**

मृतक पर किसी प्रकार का वन अपराध दर्ज नहीं है और न ही उसे किसी प्रकार का वन विभाग की ओर से कोई नोटिस दिया गया था। वन विभाग की टीम वन अधिकार पट्टा के शिकायत पर जांच करने गांव में पहुंची थी।

-अजय वर्मा
रेंजर

## जिला खनिज टीम ने अवैध गिट्टी परिवहन करते दो वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी और उनकी टीम ने जिले में चल रहे अवैध खनिज पर कार्यवाही करते हुए दो गिट्टी लोड वाहनों को पकड़कर थाना परिसर में खड़ी कराया है।

बताया गया कि हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 3792 जो सरगुजा जिले के बरियों से बिना वैध पीट पास के मंगलवार को गिट्टी परिवहन कर सूरजपुर जिले में विक्रय के उद्देश्य से पहुंचा था,तभी खनिज की टीम ने वाहन को जप्त कर बिश्रामपुर थाना में खड़ी कराया है।इसी कार्यवाही के दौरान टीम द्वारा बसदेई चौकी में भी एक गिट्टी लोड बड़ी हाईवा वाहन को पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा है।बता दें कि रोजाना बड़ी मात्रा में सरगुजा जिले के बरियों से सूरजपुर सहित अन्य सीमावर्ती जिलों में बिना कागजात के गिट्टी खपाई जा रही है।बरियों की लाइमस्टोन गिट्टी जिले की बोल्डर गिट्टी के अपेक्षाकृत काफी सस्ती पड़ती है,इसलिए भी ठेकेदारी सहित अन्य कार्यों में सस्ती गिट्टी के रूप में बरियों की गिट्टी मंगाकर व्यवसाई व ठेकेदार इसे इस क्षेत्र में खपाकर अच्छा खासा मुनाफा कमाते हैं।रोजाना बड़ी मात्रा सरगुजा की गिट्टी दूसरे जिलों में खपने से इसका सीधा असर दोनों जिलों के शासकीय कोष में भी पड़ रहा है,जबकि गिट्टी बालू के इस अवैध कारोबार के शामिल लोग मोटी कमाई कर रहे हैं।इस अवैध कार्य में जुड़े लोगों को राजनीति संरक्षण भी प्राप्त होने की जानकारी सामने आई है।गिट्टी या बालू सहित अवैध खनिज परिवहन में शामिल वाहनों के आगे पीछे नंबर नहीं लिखा होना देखा जाता है,बिश्रामपुर में जप्त वाहन बरियों निवासी गिट्टी व्यवसाई जबकि बसदेई में जप्त वाहन अंबिकापुर निवासी गिट्टी व्यवसाई की बताई गई है।



## वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत, ग्रामीणों ने की बाईपास मार्ग बनाने की मांग

**कुसमी।** बोलेरो की टक्कर से पैदल जा रहे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। मार्ग पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए तथा बाई पास मार्ग बनाने तथा खाली ट्रकों को गांव से आवागमन प्रतिबंधित किए जाने की मांग की है। इधर घटना की जानकारी लगने पर एसडीएम करुण डहरिया के निर्देश पर तहसीलदार रोकी एक्का द्वारा मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए तत्कालीन सहायता राशि दी।

- गांव से ट्रक नहीं गुजरने देने की दी चेतावनी


मृतक के परिजन को सहायता राशि देते प्रशासन की टीम।

विकासखंड के नगर पंचायत सीमा से लगे हुए ग्राम पंचायत कंजिया निवासी राजकुमार नगेशिया आ. विशुन (47 वर्ष) पैदल घर की ओर जा रहा था तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी जिससे राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को कुसमी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही ग्राम पंचायत कंजिया के ग्रामीण कंजिया बाईपास सड़क से बॉक्साइट की खाली वाहन चलने तथा आए दिन दुर्घटना होने से आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने बाई पास सड़क से बॉक्साइट ट्रक को नहीं चलाने की मांग करते हुए खाली ट्रकों को रोक दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही एसडीएम करुण डहरिया सहित थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया गया। शव का पोस्टमार्टम होने के पश्चात अधिकारियों के निर्देश पर तहसीलदार रोकी एक्का, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, भाजपा नेता भरत सेन सिंह, राकेश भारती, इंद्रदेव निकुंज, अजय प्रताप सिंह अन्य लोग मृतक के परिजन से मिले तथा परिवार को 25 हजार की हजार रुपए की तत्कालीन सहायता राशि प्रदान की गई। ग्रामीणों ने तहसीलदार को लिखित में ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल बाई पास सड़क निर्माण कराने की मांग करते हुए इस मार्ग से खाली बॉक्साइट की ट्रकों को नहीं चलाए जाने की मांग की गई है। जिस पर तहसीलदार ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर इस समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय में दिव्यांग बच्चे दिखाएंगे प्रतिभा

**बिश्रामपुर।** दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व पुनर्वास का पर्याय बन चुका ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय आगामी 8 सितम्बर को अपनी स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है इस उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय भव्य त्रिदशक समारोह का आयोजन होगा,जिसमें श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

- विद्यालय के 30 वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय समारोह का होगा आयोजन

संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने जानकारी दी कि विद्यालय की नींव 8 सितम्बर 1995 को एसईसीएल बिश्रामपुर के पुराने स्टेट बैंक भवन में रखी गई थी,तत्कालीन कलेक्टर प्रवीर कृष्ण और एसईसीएल के महाप्रबंधक की उपस्थिति में उद्घाटन हुआ था, स्थापना का मूल कारण यह था कि जिले में श्रवणबाधित बच्चों की संख्या तो थी,लेकिन उनके लिए शिक्षा की कोई व्यवस्थित व्यवस्था मौजूद नहीं थी,इस कमी को पूरा करने की दिशा में सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन ने इस विद्यालय की शुरुआत की,आज विद्यालय कक्षा पहली से दसवीं तक संचालित हो रहा है और अनेक बच्चों का भविष्य गढ़ने में अहम भूमिका निभा रहा है,तीस वर्षों के संस्था का कार्यकाल पूर्ण होने पर त्रिदशक समारोह में पहले दिन 7 सितम्बर को दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा निर्मित आर्ट-क्राफ्ट और पेंटिंग प्रदर्शनी,रंगोली प्रतियोगिता व प्रदर्शनी,संध्या को शिक्षक सम्मान समारोह,आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति,8 सितम्बर को दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं,शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय,वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग और जूनियर डीपीएस के विद्यार्थी भी प्रतिभा दिखाएंगे।

## खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग, एसडीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की मांग तथा किसानों को खाद उपलब्ध कराने को लेकर प्रदेश किसान विकास संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा तथा खाद की कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। संघ ने कार्रवाई नहीं किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

एसडीएम को सौपे ज्ञापन में प्रदेश किसान विकास महासंघ के प्रांताध्यक्ष विद्या सागर सिंह ने बताया है कि प्रतापपुर क्षेत्र की सभी सोसायटियां खाली हैं। किसान सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ मायूसी मिल रही है। वहीं दुकानदार खुलेआम कालाबाजारी कर अपनी जेबे भरने में लगे हुए है। बावजूद इसके कृषि विभाग द्वारा अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। प्रदेश किसान विकास



महासंघ के प्रांताध्यक्ष ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौपने के दौरान नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, ज्वाला सिंह, छतरू राम, रामचंद्र पोया, मंगल सिंह, बृजलाल विश्वकर्मा, मानेश्वर राजवाड़े, मयंक जायसवाल, भैया लाल पैकरा, शिवकुमार, सुमेर सिंह, श्याम लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### बढ़नी झरिया में नशीला इंजेक्शन बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापु।** क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़न दस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना गांधीनगर अंतर्गत ग्राम बढ़नी झरिया निवासी प्रिंस गुप्ता अपने घर से इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम प्रिंस गुप्ता के घर दबिश दी और घर की तलाशी ली तो एक बैग में रखे 20 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## जयनगर बाजारपारा गणेशोत्सव में रविवार को सुंदरकांड



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम जयनगर के बाजारपारा में इस बार भी नवयुवक गणेश पूजा समिति जयनगर ने लगातार 18 वें वर्ष गणेश उत्सव भव्य का आयोजन कर क्षेत्र का माहौल भक्तिमय कर दिया है,यहाँ पर बड़े आकार का 60 फीट ऊंचा पंडाल आकर्षक सजावट और जगमगाती रोशनी से सजाया गया है, जिसमें 10 फीट ऊंची श्री गणेश प्रतिमा को विराजमान किया गया है। रंग-बिरंगी लाइटें,खूबसूरत झूमर और थीम आधारित सजावट ने इसे पूजा स्थल के साथ आस्था और आकर्षण का केंद्र भी बना दिया है।

रविवार को गणेशोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व भटगांव विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े भी शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अभिषेक सिंह राजा, अनंत सिंह, प्रियांशु गुप्ता,मनीष ठाकुर,सचिन सिंह, शुभम सिंह, आशीष ठाकुर, सुनीत सिंह, अमन सिन्हा, उमेश गुप्ता,विनय सिन्हा,बलराम सिंह, अमृत व अन्य सक्रिय हैं। समिति सदस्यों ने बताया कि आगामी दिनों में भजन संध्या, नृत्य-नाटक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा, इसमें विशेष रूप से नवयुवक व बच्चों की सहभागिता पर जोर दिया जा रहा है।

### दो दिवसीय अखंड संकीर्तन में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

रामानुजगंज। ग्राम पुरानडीह में अखंड संकीर्तन नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा आयोजित किया गया। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 29 अगस्त को प्रारंभ श्री श्री अखंड संकीर्तन यज्ञ का समापन 30 अगस्त को हुआ। जहां देर शाम तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम चलता रहा। विदित हो कि रमन अग्रवाल द्वारा सागर मोती फाउंडेशन के तत्वाधान में विगत 20 वर्षों से श्री श्री अखंड संकीर्तन यज्ञ का आयोजन कराया जाता है। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर कई



दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जाती है। नगर पुरोहित नंदकुमार पांडे के नेतृत्व में नौ ब्राह्मणों की टीम द्वारा अखंड संकीर्तन यज्ञ का अनुष्ठान संपन्न कराया गया। शुक्रवार को प्रारंभ अखंड संकीर्तन का समापन शनिवार को हुआ। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अखंड संकीर्तन के पश्चात दोपहर से देर शाम तक क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गायक संतोष पांडे, उमाशंकर व्यास के साथ महेश अग्रवाल एवं राजेश अग्रवाल सहित अन्य क्षेत्रीय कलाकारों के भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने लोगों को देर शाम तक झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

## ग्राम सरहरी में हाथियों ने पूरी रात मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

इन दिनों प्रतापपुर क्षेत्र के ग्रामीण हाथियों के उत्पात से जूझ रहे है। हाथी दिन-रात कभी भी गांवों में घुसकर जमकर उत्पात मचाते हैं। धान, मक्का और अन्य फसलों को रौंदकर बर्बाद कर देते है। बावजूद इसके वन विभाग हाथियों के निगरानी करने में असफल है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग न तो हाथी भगाने के लिए पर्याप्त संसाधन जुटा सका और न ही पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा मिल रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्राम पंचायत सरहरी, करंजवार और सिंगरी में बीते दिनों दो हाथियों ने किसानों की कई एकड़ खड़ी फसलें तहस-नहस कर दीं। झरीराम कुशवाहा, विजय नारायण, मनोहर प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, शिवप्रसाद सहित कई किसानों की कई दिनों की मेहनत एक झटके में मिट्टी में मिल गई। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों से बचाव के लिए विभाग सिर्फ दिखावे की खानापूर्ति कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब रात में हाथी गांव में पहुंच जाते है और रेंजर मिश्रा को सूचना दी गई तो उन्होंने टॉर्च और संसाधन उपलब्ध कराने की बजाय गैर जिम्मेदाराना जवाब दिया। रेंजर का कहना है कि स्टाफ को जब 50-60 हजार वेतन मिलता है तो वही लोग इंतजाम करेंगे। रेंजर की बात से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है और उन्होंने रेंजर की कार्यशैली को नाकामी बताते हुए तत्काल हटाने की मांग की है।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

लाइफ Style



# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्गस ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्गस ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

## टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका

## तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।




***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत' का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा' से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।


## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्में थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर' पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

**रायगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो ने स्टेशन चौक में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन कर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को माताओं का सम्मान करने की सीख देने की अपील की। भाजयुमो नेताओं ने कहा कि चुनावी मंच से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत माता जी के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग अक्षम्य है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विकास केडिया, उपाध्यक्ष विनायक पटनायक, नगर मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि ओबीसी समाज से आने के कारण कांग्रेस लगातार मोदी को अपमानित करती रही है, जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। नेताओं ने कहा कि बिहार भगवान बुद्ध और आचार्य चाणक्य की धरती है, ऐसे में वहां अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना न केवल माताओं का बल्कि पूरे देश की संस्कृति का अपमान है। यज्ञ में शामिल कार्यकर्ताओं ने समवेत स्वर में दोनों नेताओं को सद्बुद्धि मिलने की प्रार्थना की।

### असिस्टेंट कमिश्नर पर गाली गलौज का आरोप

**राउरकेला।** राउरकेला महानगर निगम आरएमसी के विवाद फिर सुर्खियों में आ गए हैं। निगम के स्थायी ड्राइवर किशोर साहू ने असिस्टेंट कमिश्नर अजित पटनायक पर गाली गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया है। किशोर साहू, जो बीते 31 वर्षों से नगर निगम में सेवाएँ दे रहे हैं, का कहना है कि उन्होंने जर्जर ट्रैक्टर में कचरा ढोने से असमर्थता जताई थी, जिसके बाद यह विवाद खड़ा हुआ। किशोर साहू का आरोप है कि 15 साल पुराने ट्रैक्टर की हालत बेहद खराब है। डाला टूट चुका है और कई बार शिकायत के बावजूद न तो मरम्मत कराई गई और न नया ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया।

### अंशु को मेडिकल कालेज में मिला प्रवेश

**खरसिया।** ग्राम मदनपुर की अंशु शर्मा का एमबीबीएस में चयन हुआ है। बस संचालक मुकेश शर्मा की पुत्री अंशु मेधावी छात्रा है। उनकी 12वीं तक की पढ़ाई न्यू विवेकानंद कान्वेट हायर सेकेंडरी स्कूल ठुसेकेला में हुई हैं। नीट 2025.26 उत्तीर्ण कर शासकीय उच्च महाविद्यालय जगदलपुर में प्रवेश लिया है। इस पर माता पिता के साथ सहपाठियों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**कुड़ेकेला।** रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शख्स का शव जंगल में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। सोमवार को छाल थाना पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के सारसमार जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला है। सूचना पर मौके पर पहुँची छाल पुलिस ने मामले में आगे की जांच कार्रवाई शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगा ली है। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम संतोष साहू है जो कि वर्तमान समय में एडू गांव में रहता था और वह पेशे से ट्रक चालक था। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक़ वृन्दावन सारसमार जंगल में दोपहर 3 बजे के आसपास संतोष साहू का शव आम पेड़ पर गमछे से लटका हुआ देखा गया। आशंका जताई जा रही है कि उसने फांसी लगाकर जान दे दी है।


### सिनेप्लेक्स कोणार्क हॉल से अतिक्रमण हटा

**राउरकेला।** सिनेप्लेक्स कोणार्क सिनेमा से बहु प्रतीक्षित व विवादित दुकानों को हटाने का काम आज तड़के ही कर दिया गयाए जिसमें प्रशासन ने हस्तक्षेप कर भारी पुलिस बल व संलग्न अधिकारियों की मौजूदगी में यह कार्य शांतिपूर्ण माहौल में किया गया। दबे जबान में प्रशासन की एक तरफा कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल गर्म रहा किंतु सिनेप्लेक्स के प्रमोटर्स ने इसे न्याय संगत कार्रवाई बताया व कानूनी प्रक्रिया से कराया गया है अब शीघ्र ही यह हाल आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा जिससे राउरकेला की जनता को हाईटेक साउंड सिस्टम व नई तकनीक के द्वारा सिनेमा देखने का मौका मिलेगा व नवनिर्मित सिनेमा हॉल आम जनता के लिए से जल्द ही खोल दिया जाएगा।

## वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही हाथियों की निगरानी

# जिले में 185 हाथी, एक ही रात 43 किसानों की फसल को रौंदा

जिले में रात होते ही हाथियों का दल जंगलों से निकलकर खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वर्तमान में जिले में 185 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। बीती रात हाथियों ने जहां 43 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग द्वारा लगातार हाथियों की निगरानी की जा रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हाथियों के दल ने बीती रात 43 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिसमें कापू रेंज के कंडजा, गेहूंबाडी, जरोलीआमा, पटनावापारा, सकारो में 13 किसान, चोरंगा में 8, मदनपुर, सोखामुड़ा, जमाबीरा में 4, सिंघिझाप में 4, कूमा में 2, कोयलार में 2, जावेदपारा में 2 के अलावा बोजिया में 1 किसान की धान की फसल शामिल है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल में भी हाथी ने 7 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें छोटे गुमडा में 4 के अलावा कटंगडीह में 3 किसानों की धान की फसल शामिल हैं। फसल नुकसान की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम प्रभावित गांव पहुंचकर नुकसान का आंकलन करते हुए मुआवजे की कार्रवाई में जुट गई है। रायगढ़ जिले के जंगल में हाथियों की बड़ी संख्या को देखते हुए हाथी ट्रैकिंग, हाथी मित्र दल द्वारा हाथी विचरण क्षेत्रों में पहुंचकर गांव-गांव में मुनादी कराई जा रही है।

### इन क्षेत्रों में हैं इतने हाथी

जिले में 185 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल में जहां 116 हाथी हैं तो रायगढ़ वन मंडल में 69 हाथियों की मौजूदगी है। जिसमें 48 नर, 84 मादा के अलावा 53 शावक हाथी शामिल हैं।



## घरघोड़ा रेंज में हाथी ने शावक को दिया जन्म

जिले में एक बार फिर से मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया है। घरघोड़ा रेंज में शावक के जन्म की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वहीं अब अधिकारी मौके पर पहुंचकर मादा हाथी और शावक की निगरानी में जुट गए हैं। घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में कटंगडीह परिसर के जंगल में हाथियों की मौजूदगी थी। जहां तड़के करीब 3 बजे हाथी के चिंघाड़ने की आवाज ग्रामीणों ने सुनी। इसके बाद सुबह ग्रामीणों ने केराबहाल के राजस्व भूमि क्षेत्र में देखा कि एक मादा हाथी अपने नन्हें शावक के साथ है और उस शावक का जन्म सुबह ही हुआ है। धीरे-धीरे काफी संख्या में ग्रामीण यहां इक्ट्ठा हो गए। इस दौरान मादा हाथी और शावक का वीडियो भी बनाया गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन अमला को दी। जिसके बाद फौरन घरघोड़ा रेंजर समेत अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे। मादा हाथी को उसके दल में मिलाने के लिए ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी गई है। ज्ञात हो कि धरमजयगढ़ वनमंडल के बाकारूम रेंज के जंगल में 21 अगस्त को भी एक मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया था।

### दो अलग-अलग हत्याओं से दहला जिला दहशत में क्षेत्रवासी



**रायगढ़।** घरघोड़ा और लैलूंगा थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग हत्याओं से जिला दहल गया है और क्षेत्रवासी दहशत में है। एक मामले में घरघोड़ा के कटरापाली गांव में 55 वर्षीय बुजुर्ग नाथुराम चौहान का शव उनके ही घर की बाड़ी में मिला है। जबकि दूसरी वारदात में लैलूंगा में पुरानी रंजिश के चलते 48 वर्षीय ग्रामीण गाड़ाराम राठिया की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। पहला मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार कटरापाली गांव निवासी नाथुराम चौहान की लाश मंगलवार को घर की बाड़ी में मिली है। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी, डॉग स्क्वायड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में मृतक के गले पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई गई है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है। वहीं दूसरा मामला लैलूंगा के मोहनपुर गांव का है। यहां ग्रामीण गाड़ाराम राठिया और मधुसूदन राठिया के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बीती रात दोनों के बीच विवाद फिर से भड़क गया। इस दौरान आरोपी मधुसूदन ने डंडे से गाड़ाराम के सिर पर वार कर दिया। गंभीर हालत में उसे लैलूंगा सिविल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# रोजगार छिनने के भय से हमालों में रोष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का कर रहे हैं विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोहरसिंह गांव में स्थित मार्केफेड के धान संग्रहण केन्द्र के स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (स्टेडियम) बनने जा रहा है। जिससे यहां संग्रहण केन्द्र का नामोनिशान नहीं रहेगा। ऐसे में यहां दशकों से कार्यरत मजदूरों का रोजगार छिन जाएगा। जिसे सरकार की साजिश बता कर हमालों में रोष व्याप्त है। मंगलवार से सैकड़ों की संख्या में मजदूरों ने अनिश्चितकालीन आन्दोलन का आगाज कर दिया है। वहीं काम बंद कर धरना प्रदर्शन करते हुए धान के परिवहन को भी रोक दिया है।

- केन्द्र के बाहर सैकड़ों मजदूरों ने किया अनिश्चितकालीन धरने का आगाज, रोक दिया धान का परिवहन

दरअसल, रायगढ़ से करीब 10 किमी दूर लोहरिसंह गांव में मार्केफेड का धान गोदान है। धान गोदाम पिछले 22 साल से चल रहा है। कुछ साल पहले स्थानीय विधायक व वित्त मंत्री से इसी स्थान पर करीब 45 एकड़ की जमीन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी। कुछ दिनों पूर्व ही शासन से यहां स्टेडियम बनाने के लिए 105 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी मिल गई है। जिससे अब यहां कार्यरत करीब 400 मजदूरों ने मंगलवार से अनिश्चतकालीन आन्दोलन शुरू कर दिया है। मजदूरों ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले जब यहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की घोषणा की गई थी तब से वो इसका विरोध कर रहे हैं। उनके द्वारा इन दिनों में विधायक, मुख्यमंत्री व कलेक्टर तीनों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। मजदूरों ने काम बंद कर करते हुए धान के परिवहन भी रोक दिया है। इसे लेकर उनके द्वारा सभी 65 मिलरों को भी सूचित कर दिया गया है कि वो अब धान का लोडिंग नहीं करेंगे। क्योंकि उन्हें इस बात का भय सता रहा है कि धान खाली होने से सरकारी जेसीबी गोदाम में आ जाएगा और मंदिर से लेकर गोदाम को तहस नहस कर दिया जाएगा।



### एफसीआई को भी नहीं दिया अतिरिक्त स्थान

पूर्व में एफसीआई द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई थी कि उनके चावल गोदाम में 75 हजार मिट्रिक टन के लिए अतिरिक्त जगह की जरूरत है। अगर उन्हें बगल में स्थित धान संग्रहण केन्द्र में भी जगह मिल जाए तो काम चल जाएगा, लेकिन प्रशासन द्वारा एफसीआई को अतिरिक्त स्थान भी नहीं दिया गया और धान गोदाम को भी बंद कराने की पहल शुरू हो गई है।

### कलेक्टर से मिलने पहुंचे मजदूर

मंगलवार की शाम को सैकड़ों की संख्या में मजदूरों के दल ने कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। वहीं धान संग्रहण केन्द्र में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विरोध करते हुए नारेबाजी गई है, साथ ही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। हालांकि उनके ज्ञापन को ले लिया गया है, लेकिन उन्हें किसी प्रकार का कोई आश्वासन नहीं दिया गया है।

### चरवाहा वर्ग भी होंगे प्रभावित

मजदूरों ने बताया कि बारिश में संग्रहण केन्द्र से पूरा धान उठा लिया जाता है। करीब पांच महीने तक गोदाम खाली पड़ा रहता है। इस दौरान कई सालों से आसपास गांव के लोग यहां अपने मवेशियों को चराने आते हैं। इससे दो फायदा होता है एक तो मवेशियों के सड़कों पर नहीं घूमने से सड़क हादसे की आशंका भी कम रहती है और मवेशी किसानों के खेतों में भी चरने के लिए नहीं घुसते हैं। अगर यहां स्टेडियम बना तो चरवाहा वर्ग भी प्रभावित होगा।



## बांगो कॉलोनी में धराशायी हुआ सरकारी क्वार्टर

**खरसिया।** मिनी माता बांगो नहर संभाग क्रमांक.5 की आवासीय कॉलोनी में स्थित एक आई.टाइप क्वार्टर का हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर गया। 31 अगस्त को घटी इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई क्योंकि मकान खाली था। लेकिन इस हादसे से कॉलोनी में रह रहे अन्य कर्मचारियों के बीच भय का माहौल बन गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि घटना को दो दिन गुजर जाने के बावजूद कार्यपालन यंत्री मंजू गोपाल ने मौके का जायजा लेना भी जरूरी नहीं समझा।

घटना के समय कॉलोनी में गणेश उत्सव का आयोजन हो रहा था। अचानक जोरदार आवाज हुई तो लोग घबराकर बाहर निकले। मौके पर पहुँचकर देखा गया कि आई.17 क्वार्टर की बिल्डिंग का पिछला हिस्सा पूरी तरह धराशायी हो गया है। दीवार और छत का स्लैब नीचे गिर चुका था। गनीमत रही कि यह मकान दो माह पूर्व ही कर्मचारी द्वारा खाली कर दिया गया थाए अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना ने बांगो कॉलोनी के मकानों की जर्जर स्थिति और रखरखाव की पोल खोल दी है। कॉलोनी के अधिकांश क्वार्टर पुराने हो चुके हैं। जगह.जगह सीपेज हो रहा हैए पलस्तर झड़ रहा है और छतें टपक रही हैं। कुछ वर्ष पहले मरम्मत पर काफी खर्च भी किया गया थाए बावजूद इसके भवनों की हालत सुधरी नहीं। कर्मचारियों का कहना है कि हर समय उन्हें डर बना रहता है कि कहीं उनका क्वार्टर भी ढह न जाए। इस संबंध में जब कार्यपालन यंत्री मंजू गोपाल से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि घटना की जानकारी उन्हें मिली हैए लेकिन वे मौके पर नहीं गईं। उनका कहना था कि श्पुरानी बिल्डिंग थीए सीपेज के कारण यह मकान गिरा होगा।श इस बयान ने कॉलोनी निवासियों की नाराजगी और बढ़ा दी है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी यदि घटनास्थल देखने तक न पहुँचें तो सुरक्षा और रखरखाव की उम्मीद कैसे की जाए।

### ग्राम पंचायत परसदा छोटे में फर्जी हस्ताक्षर का आरोप, जांच की मांग

**कोसीर।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा छोटे की सरपंच कौसल्या सिदार और सचिव बाबूलाल सिदार पर पंचों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पंचों की अनुपस्थिति में फर्जी हस्ताक्षर कर प्रस्ताव पारित किए गए और राशि आहरण की गई। पंचों का कहना है कि बिना बैठक बुलाए, कोरम पूरा किए और उनकी जानकारी में लाए बिना ही कूटरचित हस्ताक्षर कर



वित्तीय लेनदेन किया गया। इससे निर्वाचित पंचों की भागीदारी का कोई महत्व नहीं रह गया है। इस मामले पर पंचों ने कलेक्टर से मांग की है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर सूक्ष्म जांच की जाए और जांच पूरी होने तक ग्राम पंचायत में प्रस्ताव आधारित वित्तीय आहरण पर रोक लगाई जाए। पंचों ने सरपंच-सचिव के कार्यकलाप को दंडात्मक कार्रवाई योग्य बताया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हिट एन रन मामले ...

घुस गई। बोलेरो की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई लोग उछलकर हवा में जा गिरे और कई वाहन के नीचे दब गए। घटनास्थल पर चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। कांग्रेस ने उठाई 50 लाख मुआवजे की मांग- हादसे के बाद जहां अस्पताल और गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं सुबह से ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मृतक अरविंद केरकेट्टा का शव परिजन व ग्रामीण ताबूत सहित चरईडांड हाईवे पर रखकर चक्काजाम कर बैठे। हाईवे जाम में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता शामिल हुए। नगर पंचायत कुनकुरी अध्यक्ष विनयशील गुप्ता, कांग्रेस जिला प्रभारी भानु प्रताप, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष बुधराम वनवासी समेत कई नेता धरने में बैठे। कांग्रेसियों का कहना है कि पत्थलगांव हिट एंड रन (2022) में मृतक नाटू के परिजनों को तत्कालीन भूपेश सरकार ने भारी आंदोलन के बाद 50 लाख रुपए मुआवजा दिया था। उस हादसे में 1 की मौत और 17 लोग घायल हुए थे। अब जबकि जुरुडांड हादसे में 3 मौत और 22 घायल हैं, तो भाजपा सरकार को भी उतना ही मुआवजा देना चाहिए। तनावपूर्ण स्थिति, हाईवे पर यातायात बाधित- चक्काजाम के कारण हाईवे पर यातायात घंटों बाधित रहा। प्रशासन लगातार प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर रहा है, लेकिन लोग 50 लाख मुआवजे की मांग पर अड़े हुए हैं। पुलिस बल तैनात है और हालात पर नजर रखे हुए है। मौके पर बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया, एसडीओपी दिलीप कोसले और पुलिस बल मौजूद हैं, जो लगातार परिजनों व प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण अपनी मांग को लेकर अड़े हुए थे। लोगों के जेहन में ताजा हुआ पत्थलगांव हादसा- गौरतलब है कि अक्टूबर 2022 में भी पत्थलगांव में दुर्गा विसर्जन जुलूस में हिट एंड रन हुआ था, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। उस घटना के बाद पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन हुआ था। अब जुरुडांड हादसे ने उसी दर्दनाक याद को ताजा कर दिया है। एसपी ने जारी की अपील- बगीचा के जुरुडांड में मंगलवार देर रात भीषण सड़क हादसा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा जिले के सभी नागरिकों से अपील किया है कि कोई भी सांस्कृतिक, राजनीतिक या सामाजिक धरना, प्रदर्शन, रैली अथवा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तो उसकी सूचना पूर्व में ही प्रशासन को दिया जाये, तभी समुचित पुलिस बल लगाना संभव होता है। पूर्व सूचना मिलने पर ही आवश्यकतानुसार पुलिस बल तैनात किया जा सकता है और उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। मंगलवार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का एक मुख्य कारण यह भी रहा कि गणेश विसर्जन के साथ निकाले गए डीजे एवं जुलूस की जानकारी पुलिस एवं जिला प्रशासन को पूर्व में नहीं दी गई थी, जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था लगाना संभव नहीं हो पाया। इस घटना में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए तथा मूल्यवान जनहानि हुई, जिस पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन गहरा दुख व्यक्त करता है। एसएसपी ने सभी नागरिकों से आग्रह है कि भविष्य में किसी भी प्रकार का जुलूस व कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व प्रशासन को सूचित करें, ताकि पर्याप्त पुलिस बल एवं सुरक्षा व्यवस्था लगाई जा सके और ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### कथक नृत्यांगना ईशिता ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**रायगढ़।** चक्रधर समारोह के मंच पर कोरबा की मात्र 12 वर्षीय कथक नृत्यांगना ईशिता कश्यप ने अपनी सधी हुई प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं. मोरध्वज वैष्णव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही ईशिता ने 4 वर्ष की आयु से नृत्य साधना शुरू की और कम उम्र में ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना ली है। समारोह में उन्होंने शिव वंदना एवं रायगढ़ घराने के बोलों पर आधारित विशेष बंदिश तराना और 150 चक्कर की अद्भुत प्रस्तुति दी। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। ईशिता कश्यप को अब तक प्रणवम् प्रतिभा सम्मान 2022 कला संस्कृति सम्मान 2023 स्वरिता प्राइड स्टार अवार्ड 2025, राष्ट्रीय विभुति सम्मान 2025 और इंडिया स्टार पैशन अवार्ड 2025 से नवाजा जा चुका है।

